हरिभूमि
भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 21 मार्च 2025

11 जीजेयू हिसार की टीम सीडीएलयू सिरसा ...



12 गर्मी की शुरूआत में ही शहर में छाया पेयजल ...




# R.E.D. GROUP OF SCHOOLS

SINCE : 1987

## CHHUCHHAKWAS | JHAJJAR | CHARKHI DADRI

(Affiliated with CBSE, New Delhi)

RED is a pioneering, innovative & learning organization serving the society since 1987. It has the environment for nurturing good habits, life skills, values, character and attitude among students through its daily working routines, methods and processes.

## REGISTRATION OPEN

### FOR THE SESSION 2025-26

### FOR CLASSES : NUR. TO 9TH & 11TH

## ADMISSION TEST

### 23-03-2025 (Sunday)






### OUR SPECIAL FEATURES

- RED has professional leadership and creates shared vision with ownership, commitment and alignment of all its stakeholders.
- RED ensures regular professional development of all teachers.
- Coaching for IIT-JEE, NEET, NDA, C.A./C.S., CLAT, CUET & VVM etc.
- Scholarships & Awards for meritorious students of Nur. to XII.
- Special concessions for SC/ST, Physically challenged and Siblings.

### SPECIAL ACHIEVEMENTS & SUCCESSES

- Regular 100% Results in CBSE Board Exams of 10th & 12th.
- Regular Selections in IIT-JEE, NEET, NDA, C.A./C.S., CLAT, CUET & VVM etc.
- RED alumni serving the society in different capacities such as Civil Servants, Doctors, Engineers, Army Officers, Teachers, Lawyers, Bankers and other areas.
- A lot of our alumni are serving various foreign countries in different disciplines.

### SCHOOL ENVIRONMENT, ROUTINES & PROCESSES

- Safe, disciplined, respectful & learning environment.
- Child centric activity based experiential teaching learning processes for learning & growth of students.
- Well defined and organized Club & House system for school and inter-school level activity exposure for nurturing co-scholastic skills of students.
- Well designed assessment processes for both Academic & Co-curricular Activities.

### INFRASTRUCTURE FACILITIES

- World class, lush green CCTV monitored school campus with 24×7 hours power backup.
- Well ventilated, lighted and spacious Smart class rooms
- Well equipped Libraries, Labs for all subjects and excellent facilities for indoor & outdoor sports.



## Hostel Facilities for Boys only at Chhuchhakwas Branch



Chhuchhakwas



Jhajjar



Charkhi Dadri

9992114101 (Chhuchhakwas) | 9992600417 (Jhajjar) | 9992113926 (Charkhi-Dadri)

For more details, kindly visit :
www.redschools.org

## खबर संक्षेप

### किसानों ने बकाया मुआवजा और मांगों को लेकर दिया धरना

**चरखी दादरी।** संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर वीरवार को दादरी के किसानों ने लघु सचिवालय परिसर में मांगों को लेकर धरना दिया। किसानों ने वर्ष 2023 का बकाया 172 करोड़ रुपये मुआवजा तथा 150 करोड़ रुपये फसल बीमा भुगतान सहित कुल छह सूत्रीय मांगों का ज्ञापन उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम सौंपा। धरने की अध्यक्षता किसान सभा के जिला प्रधान रणधीर कुंगड़ ने की। किसानों ने आरोप लगाया कि 150 करोड़ रुपये का फसल बीमा कुछ अधिकारियों और पूर्वकृषि मंत्री जेपी दलाल ने हड़प लिए है।

### डीसी ने निर्बाध पेयजल आपूर्ति के दिए निर्देश

**चरखी दादरी।** गर्मियों के मौसम में पेयजल की मांग बढ़ जाती है, ऐसे में गर्मी के मौसम में पेयजल आपूर्ति में किसी प्रकार की समस्या का सामना ना करना पड़े, इसे लेकर बेहतर रणनीति के साथ कार्य किया जाए। उपायुक्त मुनीश शर्मा ने जिला में गर्मी के मौसम के दौरान निर्बाध पेयजल आपूर्ति के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि गर्मियों के दौरान पेयजल आपूर्ति और जल संरक्षण की प्रभावी तरीके से कार्य करें। गर्मियों में जल संकट की समस्या न हो, इसके लिए अभी से पूर्व तैयारियां सुनिश्चित की जाएं।

### चिराग योजना में निजी स्कूलों में होंगे दाखिले

**भिवानी।** हरियाणा सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों के लिए चिराग योजना के तहत शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए दाखिला प्रक्रिया शुरू कर दी है। शिक्षा विभाग ने इस संबंध में आधिकारिक पत्र जारी किया है और पात्र निजी स्कूलों की सूची भी प्रकाशित की है, जिसके तहत प्रदेश के 700 निजी स्कूलों में 34 हजार 271 विद्यार्थियों का दाखिला होना है। बता दें कि मुख्यमंत्री हरियाणा समान शिक्षा राहत सहायता एवं अनुदान चिराग योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है।

### चौ बंसीलाल कॉलेज में प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**लोहारू।** बंसी लाल राजकीय महाविद्यालय गुरूवार को प्राचार्य डॉ मुकेश चहल की अध्यक्षता में यूथ रेडक्रास के तत्वावधान में एक दिवसीय प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण शिविर के दौरान फर्स्ट ऐड प्रवक्ता सतीश कुमार ने विद्यार्थियों को जीवनदायिनी विधि सीपीआर, रिकवरी पोजीशन, घायल व्यक्तियों को हॉस्पिटल तक ले जाने की विधियों के बारे में अवगत करवाया। प्राचार्य डॉ मुकेश कुमार चहल ने जिला रेडक्रास सोसायटी के इस जागरूकता अभियान की सरहाना की।

### 129 सोखता पिट का उद्घाटन 22 को: डीसी

**भिवानी।** केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल 22 मार्च को पंचकूला से जलसंरक्षण की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। इसमें जिला भिवानी के 20 गांवों में बने 129 सोखता पिट शामिल हैं। उपायुक्त महावीर कौशिक ने जल संरक्षण व संचय को लेकर सरकार के निर्देशानुसार विभिन्न प्रकार की परियोजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। इन परियोजनाओं में जल शक्ति अभियान और अटल भूजल योजना मुख्य रूप से शामिल हैं।

### स्कूली बच्चों को मिली कानूनी जानकारी

**भिवानी।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के तत्वावधान में हलवासिया स्कूल में कानूनी दिशाएं कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के चेयरमैन एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश डीआर चालिया के निर्देशानुसार और सीजेएम-कम-सचिव पवन कुमार की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के सभी स्कूलों के मुखिया और खंड समन्वयक (को-ऑर्डिनेटर) शामिल रहे। मंच संचालन डॉक्टर मनोज शर्मा ने किया।

## हरियाणा की माटी में विश्व स्तर के खिलाड़ी पैदा करने की क्षमता: धर्माणी

# जीजेयू हिसार की टीम सीडीएलयू सिरसा को हराकर बनी विजेता

देश भर के 23 विश्वविद्यालयों के खिलाड़ियों ने दिखाया अपनी प्रतिभा का दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिवानी

चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी सर्किल कबड्डी पुरुष चैंपियनशिप में देश भर के 23 विश्वविद्यालयों से लगभग 400 खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन किया और अपनी ताकत का दम दिखाया। चैंपियनशिप समापन समारोह की अध्यक्षता कुलपति प्रो दीप्ति धर्माणी ने की। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डॉ पवन कुमार शर्मा ने शिरकत की। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो दीप्ति धर्माणी ने कहा कि हरियाणा की मिट्टी में विश्व स्तर के खिलाड़ी पैदा करने की क्षमता है। हरियाणा के खिलाड़ी सबसे ज्यादा मेडल जीतकर देश का नाम विश्व पटल पर रोशन कर रहे हैं। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय का प्रमुख उद्देश्य खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण एवं उचित प्लेटफार्म उपलब्ध कराकर विश्व स्तर के खिलाड़ी तैयार करना है। उन्होंने विजेता टीमों सहित सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य की बधाई देते हुए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि हर जीत की सीढ़ी हार से ही निकलती है इसलिए हारने वाले खिलाड़ी निराश होने की बजाय कड़ी मेहनत और लग्न से जीत की ओर बढ़ें।





भिवानी। कबड्डी मैच में अंक लेने का प्रयास करता एक रेडर व प्रतिभाओं को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### प्रतियोगिता में हुए खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

फाइनल में जीजेयू हिसार की टीम ने सीडीएलयू सिरसा की टीम को 39 - 33 के अंतर से हराकर प्रथम स्थान हासिल किया। सीडीएलयू सिरसा की टीम द्वितीय स्थान पर रही। तृतीय स्थान सीआरएसयू जींद व चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय भिवानी ने प्राप्त किया। सभी विजेता टीमों को मुख्यातिथियों द्वारा ट्रॉफी,मेडल एवं ट्रैकशूट देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में युवा कल्याण विभाग के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक रंगारंग प्रस्तुतियों से सबका मन मोह लिया। इस अवसर पर स्पोर्ट्स काउंसिल के उपाध्यक्ष डॉ वजीर सिंह,पूर्व प्राचार्य डॉ शमशेर सिंह अहलावत, डॉ सत्यवीर सिंह, डॉ वीरेंद्र, डॉ लखा सिंह,डॉ सोनल,डॉ गीता, डॉ अनुराग,डॉ मंजीत,भूपेंद्र भुप्पी कोच, सन्नी कोच,विकास कोच, अजमेर कोच, मंजीत कोच,रविंद्र शर्मा,कुलदीप गुलिया,रजत सहित अनेक कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### विश्वविद्यालय और शिक्षा बोर्ड मिलकर शिक्षा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करेंगे:पवन

*उन्होंने बतौर मुख्य अतिथि पधारे हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डॉ पवन कुमार शर्मा का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए कहा कि यह बड़े हर्ष एवं गर्व की बात है कि विश्वविद्यालय से संबंधित एक कॉलेज के प्राचार्य को राज्य शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन जैसा महत्वपूर्ण पद मिला है । उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री नायब सैनी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अब विश्वविद्यालय और शिक्षा बोर्ड मिलकर शिक्षा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करेंगे। शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डॉ पवन कुमार शर्मा ने कहा कि इस राष्ट्रीय स्तर की कबड्डी चैंपियनशिप के सफल आयोजन के लिए विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो दीप्ति धर्माणी एवं कुलसचिव डॉ भावना शर्मा,डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ सुरेश मलिक सहित स्पोर्ट्स विभाग की समस्त टीम को बधाई दी। विश्वविद्यालय की खेल परिषद के अध्यक्ष डॉ मीतेश शर्मा ने सभी अतिथियों का धन्यवाद एवं आभार जताया।*



भिवानी। सांस्कृतिक कार्यक्रमां की प्रस्तुती देती एक प्रतिभागी।



लोहारू। नवनिर्वाचित पार्षद व अध्यक्ष का मुंह मीठा करवाते हुए। फोटो: हरिभूमि

# विकास के लिए पैसे की नहीं रहने देंगे कमी: जेपी

■ पूर्व मंत्री जेपी दलाल लोहारू के नवनिर्वाचित पार्षदों और नपा अध्यक्ष को दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶लोहारू

गुरूवार को पूर्व मंत्री जेपी दलाल ने हाल ही में निर्वाचित शहर के सभी वार्ड पार्षदों और नगरपालिका अध्यक्ष को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी। इस दौरान नव निर्वाचित पार्षदों ने भी कृषि मंत्री जेपी दलाल का मुंह मीठा कराया। बता दें कि 12 मार्च को घोषित हुए लोहारू नगर पालिका के वार्ड पार्षद और नपा अध्यक्ष पद पद के चुनावों का परिणाम घोषित हुए थे। जिसमें प्रदीप तायल लोहारू नगरपालिका के अध्यक्ष निर्वाचित हुए थे।

इसके अलावा वार्ड न. एक से पूजा, वार्ड न. दो से सुनील सोलंकी, वार्ड न. तीन से राजेश सैनी, वार्ड न. चार से महेश कुमार, वार्ड न. पांच से संजू कुमारी, वार्ड न. छह से प्रीति, वार्ड न. सात से अशोक कुमार, वार्ड न. आठ से संतलाल, वार्ड न. 9 से रवि अग्रवाल, वार्ड न. 10 से जय सिंह सैनी, वार्ड न. 11 से पूजा सैनी, वार्ड न. 12 से दिव्या सैनी, वार्ड न. 13 से अजय शर्मा और वार्ड न. 14 से अंतर ढ्ढूषसह वार्ड पार्षद बनने का गौरव हासिल किया था। गुरूवार को वार्ड पार्षद और पार्षद प्रतिनिधियों ने पूर्व मंत्री जेपी दलाल से स्थानीय आवास पर मुलाकात की और मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की। पूर्व मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि सभी पार्षद और चेयरमैन मिलजुल कर काम करें, शहर के विकास के लिए धन की कोई कमी नही रहने दी जाएगी।

### ये रहे मौजूद

बैठक के दौरान नव निर्वाचित नपा अध्यक्ष बंटी तायल, व्यापार मंडल प्रधान धनपत सैनी, प्यारेलाल सैनी, पार्षद अंतर सिंह, अजय शर्मा, जयसिंह सैनी, अशोक कुमार, महेश गांधी, संतुराम, राजेश सैनी, सुनील सौलंकी, रवि अग्रवाल, प्रतिनिधि अश्विनी कुमार, रामबीर, विपिन सैनी, मंडल अध्यक्ष रोहताश गिगनाऊ, रामकिशन टीकेवाला, सुभाष खरकड़ी, नवीन नकीपुर, जितेंद्र भारद्वाज, महेंद्र शर्मा, रोहताश लांबा, सुभाष सैनी, पवन कुमार, प्रवीण जोशी, जाकिर हुसैन, सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

# विधायक का आरोप निराधार: संघ

■ पहले आरोपों की जांच हो फिर हो कार्रवाई: जयबीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिवानी

हिसार की जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी डॉक्टर निर्मल दहिया पर उकलाना विधानसभा क्षेत्र से विधायक द्वारा विस में लगाए आरोपों पर राजकीय अध्यापक संघ संबंधित हरियाणा कर्मचारी महासंघ के प्रांतीय वरिष्ठ उपप्रधान संदीप शर्मा, उपप्रधान मास्टर जगमिंदर छिल्लर, मुख्य प्रवक्ता जयवीर नाफरिया, जयबीर घणघस, जिला प्रधान विनोद परमार, प्रदेश प्रेस सचिव हरीश गोच्छी, जिला महासचिव सजन सांगा ने अपनी प्रतिक्रिया दी।

उन्होंने कहा कि विधायक को ऐसे आरोप लगाने से पहले तथ्यों की सही प्रकार से जांच कर लेनी चाहिए, उनके आरोपों से लगता है कि ये आरोप जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के स्टाफ द्वारा लगाए गए हैं, क्योंकि डॉक्टर निर्मल दहिया एक स्वच्छ ईमानदार छवि की अधिकारी है, जिन पर अध्यापक संघ को पूरा विश्वास है। उन्होंने कहा कि जो आरोप लगाए गए हैं, पहले उनकी जांच होनी चाहिए और जांच में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी दोषी पाई जाती हैं तो विधानसभा में उनको सजा देने की मांग की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी कानून नियम के अनुसार कार्य करती हैं और करवाती हैं। उन्होंने भ्रष्टाचार खत्म करने का साहस किया है तो ऐसे कार्यों में शामिल लोग उन्हें बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। डॉक्टर निर्मल दहिया भिवानी जिले में खंड मौलिक शिक्षा अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी आदि पदों पर अपनी सेवाएं दे चुकी है।



भिवानी। मामले की निष्पक्ष जांच की मांग करते जयवीर नाफरिया, हरीश गोच्छी व सज्जन सांगा। फोटो: हरिभूमि

# जिले के चार गांव हुए ड्रग फ्री, लगाया बोर्ड

■ पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा की मेहनत और प्रयास रंग लाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶चरखी दादरी

पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा की मेहनत और उनके मार्गदर्शन से दादरी के गांव अचीना ताल, भागेश्वरी, झींझर और रानीला को नशा मुक्त गांव घोषित किया गया है। इन गांवों की ग्राम पंचायतों ने अपने गांव को न केवल नशामुक्त किया बल्कि अपने गांव में बोर्ड लगाकर भी घोषित किया। पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा ने इन गांवों में 'हमारा गांव नशा मुक्त' बोर्ड का उद्घाटन किया। उन्होंने गांव अचीना, भागेश्वरी, झिंझर और रानीला के सरपंच प्रतिनिधियों और ग्रामीणों के साथ एक मीटिंग का आयोजन किया। उन्होंने कहा कि हमें जिले व सभी गांवों को नशे से आजादी दिलानी है। इसके लिए जरूरी है कि हम सब एकजुट होकर मुहिम में कदम बढ़ाएं। हर नागरिक की जिम्मेदारी है कि वह पहल में अपना योगदान दें। इसके साथ ही दादरी पुलिस युवाओं को खेल गतिविधियों में भाग लेकर खेलों के लिए प्रेरित कर रही है। उन्होंने लोगों को प्रेरित करते हुए कहा कि हमें नशे के दुष्प्रभावों से लोगों को जागरुक करना बेहद जरूरी है। चरखी दादरी पुलिस नशे की लत से ग्रस्त लोगों की पहचान कर उनका उपचार करवाने की कोशिश कर रही हैं। अगर आपके आस-पास कोई ऐसा व्यक्ति है, तो उसकी सूचना दें।



चरखी दादरी। ग्रामीणों से संवाद करते एसपी अर्श वर्मा। फोटो: हरिभूमि

### ग्रामीण निभाएं जिम्मेदारी

अचिना गांव के सरपंच प्रतिनिधि ने बताया कि यह हमारे लिए गर्व की बात है कि हम अपने गांव को नशा मुक्त बनाने में सफल हुए हैं। अब हम अपने बच्चों को एक सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य दे सकते हैं। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस नशीले पदार्थ बेचने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर रही है। गांव को नशा मुक्त रखना ग्रामीणों को भी जिम्मेदारी है। इसलिए नशीले पदार्थों की तस्करी में शामिल लोगों की सुचना बिना हिचकिचाहट के पुलिस को दें। साथ ही महिला सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए जिले में संवेदनशील स्थानों को चुना गया है। जहां महिला पुलिसकर्मी व अन्य स्टाफ द्वारा लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है ताकि स्कूल-कॉलेज जाने वाली छात्राएं खुद को सुरक्षित महसूस कर सकें।

# पौधा भेंट कर चेयरमैन का किया स्वागत

■ सम्मान एक प्रयास समिति ने शिक्षा बोर्ड चेयरमैन को दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिवानी

सम्मान एक प्रयास समिति के संस्थापक एवं अध्यक्ष डॉ राजेश कुमार ने बताया कि हरियाणा शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन पीके शर्मा जी से सम्मान एक प्रयास समिति के अध्यक्ष की अध्यक्षता में समिति के पदाधिकारियों द्वारा चेयरमैन डॉ. पीके शर्मा जी से उनके कार्यालय में मुलाकात कर पौधा भेंट कर स्वागत करते हुए समिति की ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

समिति अध्यक्ष डा. राजेश कुमार ने समिति के गठन के लक्ष्यों एवं उदेश्यों से चेयरमैन महोदय को परिचित करवाते हुए बताया कि समिति ग्रामीण क्षेत्र के स्कूली शिक्षा में विद्यार्थियों के लिए कॉलेज व यूनिवर्सिटी से आर्ट्स, कॉमर्स एवं साइंस के प्रोफेसर्स के सहयोग से कई सेमिनार ऑनलाइन एवं ऑफ लाइन कर चुकी है। अक्सर स्कूल शिक्षा के बाद विद्यार्थियों और अभिभावकों के सामने एक उलझन भरा प्रसन्न खड़ा रहता है कि भविष्य में आगे क्या किया जाए और शिक्षा के क्षेत्र में सफलता कैसे प्राप्त की जाए । समिति ने विद्यार्थियों की इस प्रकार की समस्या को दूर करने, परीक्षाएं नकल रहित होने दें।



भिवानी। शिक्षा बोर्ड चेयरमैन को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

हरियाणा शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डॉ. पीके शर्मा ने कहा कि सम्मान एक प्रयास समिति के अध्यक्ष डा. राजेश कुमार द्वारा एवं समिति के अन्य पदाधिकारियों सहित दिए गए मान एवं सम्मान के लिए बहुत-बहुत आभार व्यक्त करता हूँ तथा समिति द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों की प्रशंसा करता हूँ। समिति विद्यार्थियों के कैरियर एवं अच्छी शिक्षा प्राप्ति की जानकारी से सबंधित सेमिनार इसी प्रकार से आगे भी आयोजित करती रहे। इस अवसर पर समिति के उपाध्यक्ष अनिल परमार, महासचिव डॉ, नवनीत ढाण्डा, कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार, डॉ. परमानंद गुप्ता, प्रविन्द्र सांगवान आदि मौजूद रहे।

# डीईओ को किया सम्मानित

■ जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष भारद्वाज को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिवानी

भारत स्काउट्स एंड गाईड्स के तत्वावधान में तमिलनाडु के तिरूचिल्लापल्ली में 28 जनवरी से तीन फरवरी तक डायमंड जुबली राष्ट्रीय जंबुरी का आयोजन किया, जिसमें भिवानी के जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देशानुसार जिला संगठन आयुक्त (स्काउटस) एवं गांव बड़ेसरा स्कूल के प्राचार्य पवन कुमार के नेतृत्व में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स संगठन ने 21 अवॉर्ड प्राप्त किए थे, जिसमें भिवानी जिले का भी उत्कृष्ट योगदान था।

जिला की उत्कृष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रीय मुख्यालय आयुक्त केके खंडेलवाल ने 18 मार्च को चंडीगढ़ में आयोजित विशेष बैठक में भिवानी के जिला शिक्षा अधिकारी भारद्वाज को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

जिला संगठन आयुक्त (स्काउटस) पवन कुमार ने बताया कि जंबूरी में हरियाणा राज्य की तरफ से जो गेट का निर्माण किया गया था, उसमें भिवानी व दादरी जिले को संयुक्त रूप से ए ग्रेड का प्रमाण पत्र मिला। उन्होंने कहा कि भिवानी के स्काउट्स एवं गाइड्स को उत्साहित में करने जिला शिक्षा अधिकारी का विशेष योगदान रहा।

भिवानी के जिला शिक्षा अधिकारी को मिले सम्मान से जिलेभर के स्काउट्स एवं गाइड्स को प्रोत्साहन मिला है। इस अवसर पर श्रीभगवान जिला आयुक्त (स्काउट), अनिल दलाल जिला सचिव, बृजमोहन जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट), नरेश कुमार आदि मौजूद रहे।




भिवानी। कार्यक्रम में सम्मान प्राप्त करते डीईओ सुभाष भारद्वाज। फोटो: हरिभूमि



# हवन यज्ञ के साथ सेंट जेवियर्स स्कूल में नए सत्र का शुभारंभ

**भिवानी।** सेंट जेवियर्स स्कूल में नए सत्र का शुभारंभ हवन यज्ञ के साथ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में स्कूल प्रबंधक मनीष सिंह, स्कूल निर्देशिका कीर्ति चौहान, प्रधानाचार्य, अध्यापकगण व छात्रगण मौजूद रहे।आज आयोजित किए गए हवन यज्ञ का उद्देश्य विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व और ज्ञान की प्राप्ति के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल प्रबंधक मनीष सिंह व निर्देशिका कीर्ति चौहान द्वारा दीप प्रज्जवलन से हुई। इसके बाद नर्सरी से कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों ने हवन कुंड में आहुतियां दी।

## प्रतियोगिता में महाराजा नीमपाल सिंह राजकीय कॉलेज अव्वल

# स्टेट चैंपियन बना महाराजा नीमपाल सिंह कॉलेज

■ विद्यार्थियों में तार्किक सोच, रचनात्मकता एवं आत्मविश्वास को विकसित करती प्रतियोगिताएं: डॉ .जगबीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिवानी

विद्यार्थियों की रूचि विज्ञान एवं तकनीक के क्षेत्र में विकसित करने के उद्देश्य से उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा एवं विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग समय-समय पर विभिन्न उच्च शिक्षण संस्थानों में विज्ञान से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन करता है, जिससे वे भविष्य में वैज्ञानिक, इंजीनियर, शोधकर्ता आदि बनने की दिशा में प्रेरित होते हैं। इसी कड़ी में करनाल के दयालसिंह कॉलेज में आयोजित प्रदेश स्तरीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी का आयोजन हुआ, जिसमें महाराजा नीमपाल सिंह राजकीय महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने गत वर्ष की भांति फिर से बाजी मारी तथा राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया।




भिवानी। कॉलेज स्टाफ के साथ विजेता विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

### 12 टीमों ने लिया भाग

महाराजा नीमपाल सिंह राजकीय महाविद्यालय के प्रेस प्रभारी डॉ. जगबीर मान ने बताया कि राज्य स्तरीय प्रतियोगित में हरियाणा के चार जोन से आई हुई कुल 12 टीमों ने भाग लिया, जिसमें महाराजा नीमपाल सिंह राजकीय महाविद्यालय से बीएससी के विद्यार्थियों ईशा, संजना व रिंकू की टीम ने भाग लिया तथा प्रथम स्थान प्राप्त कर ट्रॉफी व एक लाख रुपये इनाम स्वरूप जीते। टीम ने 20 नवंबर को हिसार जोन में जोनल स्तरीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता प्रथम स्थान प्राप्त कर 40 हजार रुपये ईनाम के रूप में जीते थे। डॉ. जगबीर मान ने कहा कि विज्ञान प्रश्नोत्तरी जैसी प्रतियोगिताएं न केवल विद्यार्थियों को वैज्ञानिक ज्ञान प्रदान करती है, बल्कि उनकी तार्किक सोच, रचनात्मकता और आत्मविश्वास को भी विकसित करती है। यह शिक्षा प्रणाली का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो छात्रों को व्यावहारिक अनुभव देकर उनके भविष्य को संवारने में सहायक होती है। महाविद्यालय पहुंचने पर विजेता टीम के विद्यार्थियों व टीम इंचार्ज असिस्टेंट प्रोफेसर रविकांत का स्वागत किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मंजीत सिंह ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 21 मार्च 2025

## दिव्यागों को अब पेंशन के लिए भटकना नहीं पड़ेगा

**चरखी दादरी।** प्रदेश सरकार ने महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए दिव्यांग पेंशन सेवा के लिए ताऊ से पूछो व्हाट्सएप बॉट सेवा की शुरुआत की हुई है। ई-गवर्नेंस से सुशासन की दिशा में इस पहल से प्रदेशवासी डिजिटल रूप से और अधिक सशक्त बनेंगे और चैटबॉट के माध्यम से संवाद कर अपनी समस्याओं का हल पूछेंगे। उपायुक्त मुनीश शर्मा ने बताया कि सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं को उनके घर द्वार पर देने के लिए वचनबद्ध है। संचालित योजनाओं की दिशा में आगे बढ़ते हुए सरकार ने दिव्यांग व्यक्तियों को ऑटोमेटेड पेंशन का लाभ देने का फैसला किया है। सरकार ने दिव्यांग पेंशन को भी परिवार पहचान पत्र से जोड़कर आटोमेटिक रूप से पेंशन बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया है।

### खबर संक्षेप



## पानी की समस्या को लेकर एसडीएम से की मुलाकात

**तोशाम।** गांव तोशाम के वार्ड नंबर 14,15 के निवासी पानी की समस्या को लेकर एसडीएम से मिले तथा पानी की समस्या का समाधान करवाने की अपील की। इस मौके पर मौजूद वार्ड के सदस्य सतवीर सिंह, लीलाराम फौजी, शंकर सिंह फौजी, डॉक्टर मनीराम, नरेंद्र नंबरदार, संतरा देवी, कमलेश देवी, धर्मा देवी, कमली देवी, किसान नेता रोहतास सिंह, बिन्दर सिंह, भैबली देवी, सुमित्रा देवी आदि ने बताया की शहर में 4 से 5 दिन में एक बार पानी की सप्लाई आ रही है जिसके कारण पानी की काफी दिक्कत रहती है ।

## श्रीश्याम भजनामृत वर्षा कल, बाबा का शृंगार

**भिवानी।** श्रीश्याम अर्पण मंडल भिवानी द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 9वीं श्रीश्याम भजनामृत वर्षा का आयोजन 22 मार्च शनिवार को मिनी बाईपास रोड स्थित रिसॉर्ट में किया जाएगा। श्रीश्याम अर्पण मंडल की कार्यकारिणी के सदस्यों ने बताया कि श्रीश्याम भजनामृत वर्षा का आयोजन शाम सवा 4 बजे से शुरू होकर प्रभु इच्छा तक जारी रहेगा। इस दौरान 56 भोग का प्रसाद भी लगाया जाएगा।

## एचडी स्कूल बिरोहड़ में स्कॉलरशिप टेस्ट 23 को

**चरखी दादरी।** एचडी पब्लिक स्कूल बिरोहड़ में शिक्षा को बढ़ावा देने और मेधावी छात्रों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 23 मार्च रविवार को स्कॉलरशिप टेस्ट आयोजित किया जाएगा। स्कूल निदेशक बलराज फौगाट ने बताया कि यह परीक्षा उन छात्रों के लिए सुनहरा अवसर साबित होगी, जो अपनी शिक्षा को आर्थिक सहायता के साथ आगे बढ़ाना चाहते हैं। स्कॉलरशिप टेस्ट विभिन्न कक्षाओं के छात्रों के लिए आयोजित किया जा रहा है। परीक्षा में विज्ञान, गणित, सामान्य ज्ञान और तार्किक क्षमता से जुड़े प्रश्न पूछे जाएंगे।

### परिवारों में पैदा हो रही हैं दरारें

# लिव-इन रिलेशनशिप को लेकर किया प्रदर्शन और सौंपा ज्ञापन

**सामाजिक संतुलन को प्रभावित करते हैं माता-पिता की सहमति बगैर लिए गए फैसले**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

परिजनों की सहमति के बिना शादी और लिव-इन रिलेशनशिप को सामाजिक मूल्यों के विरुद्ध बताते हुए ग्राम स्वराज किसान मोर्चा व गौ किसान समृद्धि ट्रस्ट ने वीरवार को संयुक्त रूप से प्रदर्शन कर तोशाम एसडीएम के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, केंद्रीय कानून मंत्री व मुख्यमंत्री के नाम मांगपत्र सौंपा। इस दौरान दोनों संगठनों के पदाधिकारियों ने सरकार से मांग की कि परिजनों की सहमति बगैर शादी व लिव इन रिलेशनशिप को देश से पूरी तरह से बैन किया जाए, ताकि देश की मूल संस्कृति एवं संस्कारों पर कोई आंच ना आएं।

ग्राम स्वराज किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जोगेंद्र तालु के नेतृत्व व तोशाम हल्का प्रधान ईश्वर बागनवाला की अध्यक्षता में वीरवार को तोशाम अनाज मंडी से प्रदर्शन की शुरूआत हुई, जिसके बाद संगठन के पदाधिकारी नारेबाजी करते हुए एसडीएम कार्यालय तक पहुंचे तथा एसडीएम के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, केंद्रीय कानून मंत्री व मुख्यमंत्री के नाम मांगपत्र सौंपकर परिजनों की सहमति बगैर शादी व लिव इन रिलेशनशिप को बैन किए जाने की मांग उठाई। प्रदर्शन का संचालन ग्राम स्वराज किसान मोर्चा के महासचिव मा. रूघबीर भेरा ने किया।

इस मौके पर ग्राम स्वराज किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जोगेंद्र तालु ने कहा कि परिजनों की सहमति बगैर शादी व लिव इन रिलेशनशिप को पारिवारिक और सामाजिक ताने-बाने के लिए हानिकारक बताया। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में बिना माता-पिता की सहमति के बगैर शादी करने और लिव-इन रिलेशनशिप में रहने के मामलों में वृद्धि हुई है, जिससे परिवारों में दरारें पैदा हो रही हैं। उन्होंने सरकार से मांग की कि ऐसे मामलों को नियंत्रित करने के लिए सख्त कानून बनाए जाएं और माता-पिता की सहमति को अनिवार्य किया जाए।



**तोशाम।** मांगों को लेकर मांग पत्र सौंपते हुए। फोटो : हरिभूमि

### विवाह दो परिवारों का मिलन

गौ किसान समृद्धि ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं ग्राम स्वराज किसान मोर्चा के संयोजक महेंद्र सिंह गोदारा तथा ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष व मोर्चा के युवा प्रदेश अध्यक्ष युद्धवीर मंगल सिंह खरेटा ने कहा कि भारतीय समाज पारिवारिक मूल्यों पर आधारित है, जहां विवाह सिर्फ दो व्यक्तियों का नहीं, बल्कि दो परिवारों का मिलन माना जाता है। ऐसे में माता-पिता की सहमति के बिना लिए गए फैसले सामाजिक संतुलन को प्रभावित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मोर्चा व ट्रस्ट उक्त मांग को लेकर पिछले लंबे समय से अभियान चलाए हुए था, जिसके तहत विभिन्न गांवों में जाकर ज्ञापन पत्र पर ग्रामीणों के हस्ताक्षर करवाए गए थे, जिस हस्ताक्षर युक्त प्रति का ज्ञापन सरकार के नाम सौंपवा गया है। इस मौके पर ट्रस्ट के सदस्य मनफूल जटासरा पटौदी, राजबीर बागनवाला, अनिल बागनवाला, साहिल श्योरण, राज सिंह धनाना, दयानंद फौजी, राजपाल चाहर सहित अन्य पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

# एसडीएम ने सुनीं लोगों की शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

प्रशासनिक पारदर्शिता और जन समस्याओं के शीघ्र समाधान के उद्देश्य से प्रत्येक कार्य दिवस समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशों पर आयोजित शिविर में जिला सहित बाढड़ा उपमंडल स्तर पर नागरिकों की शिकायतों की सुनवाई की जा रही है। एसडीएम आशीष सांगवान और सीटीएम जितेन्द्र ने उपस्थित नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि लंबित शिकायतों का समाधान शीघ्र किया जाए। शिविर में प्रमुख रूप से जलापूर्ति, स्वच्छता, बिजली, सड़क मरम्मत और अन्य जनसेवा से जुड़ी समस्याएं सुनी गई। एसडीएम ने कहा कि प्रशासन आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है और समाधान शिविर इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अपनी समस्याओं को इन शिविरों के माध्यम से प्रशासन के समक्ष रखें ताकि उनका शीघ्र और प्रभावी समाधान किया जा सके। समाधान शिविरों में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहकर शिकायतों का निपटारा सुनिश्चित कर रहे हैं।



**चरखी दादरी।** समाधान शिविर में समस्या सुनते एसडीएम आशीष सांगवान।

## सत्संग और भंडारे का किया आयोजन

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में दो दिवसीय शिव भोलेनाथ के कार्यक्रम में सत्संग, वंदे मातरम गायन एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जिसमें 29 मार्च को सांय 4 से 7 बजे तक शोभा यात्रा व 30 मार्च को सुबह 9 से 12 बजे तक विद्यालय में औम उच्चारण, सत्संग पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। भक्त रामबीर शर्मा ने बताया कि 29 व 30 मार्च 2025 को औम मंडली शिव शक्ति सेवा अवतार संस्थान रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा बवानी खेड़ा के आदर्श वमावि में धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है।

## महिलाओं के कल्याण के लिए कई महत्वपूर्ण प्रावधानः ओड

**बवानीखेड़ा।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश की भाजपा सरकार महिलाओं के उत्थान एवं सशक्तिरण की दिशा में गंभीरता से कार्य कर रही है, जिसके तहत समय-समय पर महिलाओं के हित की घोषणाएं लागू की जाती है। इसी कड़ी में अब मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वित्त वर्ष 2025-26 के हरियाणा बजट में महिलाओं के लिए बहुत ही सराहनीय प्रावधान किए है, जिससे महिला सशक्तिकरण को बल मिलेगा। यह बात वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश ओड ने कहे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लाडो लक्ष्मी योजना की घोषणा की है, जिसके तहत राज्य की आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को प्रतिमाह 2100 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी, इस योजना के लिए 5 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। ओड ने कहा कि इसके अतिरिक्त महिला डेयरी किसानों के लिए एक लाख रुपये तक के ब्याज मुक्त ऋण की सुविधा की घोषणा की गई है।



सुरेश ओड

# जल संरक्षण के लिए किया प्रेरित

- आदर्श महिला महाविद्यालय में सात दिवसीय विशेष एनएसएस शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

आदर्श महिला महाविद्यालय में सात दिवसीय विशेष एनएसएस शिविर का आयोजन किया, जिसका उद्घाटन प्राचार्या डॉ. अल्का मित्तल ने द्वीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। शिविर के पहले दिन गणेश वंदना एवं हरियाणवी नृत्य प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में रंग भर दिए। प्राचार्या डॉ. मित्तल ने छात्राओं को सामाजिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया, वहीं डॉ. निशा शर्मा ने एनएसएस के मंत्र ना मैं, बल्कि तुम को आत्मसात करने की प्रेरणा दी।



शिविर के दौरान अतिथि ने पौधरोपण किया तथा जल संरक्षण, स्वच्छता जागरूकता और महिला सशक्तिकरण विषयों पर पोस्टर मेकिंग और स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। शिविर के दूसरे दिन की शुरुआत योग एवं मेडिटेशन से हुई।

### किया समाधान

उन्होंने शेयरिंग एंड केयरिंग के महत्व को समझाते हुए बताया कि दूसरों की परवाह करना और खुशियां साझा करना हमारे मानसिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। छात्राओं ने हम होंगे कामयाब गीत के साथ उत्साहपूर्वक भागीदारी की। स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए त्रिलोकी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल की गायनोकोलॉजिस्ट डॉ. हर्षा शेखावत ने मासिक धर्म स्वच्छता पर जागरूकता सत्र लिया और छात्राओं की शंकाओं का समाधान किया। होम साइंस विभाग द्वारा देवयानी गोयल के नेतृत्व में केक बनाने की कार्यशाला आयोजित की।

## नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से लेकर अधिकारी करें शीघ्र समाधान : चोपड़ा

**भिवानी।** सीईओ अजय चोपड़ा ने वीरवार को स्थानीय लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनी। सीईओ के समक्ष नागरिकों ने सीवरेज व्यवस्था, बिजली-पानी, परिवार पहचान पत्र में आय को दुरूस्त करने, अवैध कब्जा हटवाने, गली में सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने, सडक़ों को दुरुस्त करवाने आदि समस्याएं रखी। शहर निवासी शिव रतन ने इंतकाल दर्ज करवाने बारे, सेक्टर 23 से एसके सिंगला ने पालतू कुत्ते पार्क में आवारा छोड़ने बारे, रोशन लाल ने पीपीपी में अन्य परिवार के सदस्य हटवाने बारे, बृजेश कुमार ने अवैध कब्जा हटवाने बारे की शिकायत सीईओ के समक्ष रखी।

## सूई स्थित बाला जी मंदिर में भंडारे का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

आदर्श गांव सूई में स्थित श्री बालाजी संकट मोचन धाम पर मंगलवार को छठा धार्मिक कार्यक्रम हुआ सूई बलियाली बापोड़ा खरकड़ी सहित आसपास के ग्रामीणों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी अरुण दास महाराज सुखदेव महाराज साध्वी कमला नंद महाराज कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनोज कुमार दीवान नवनियुक्त जज निहारिका दीवान सुभाष चांगीया सीबीएलयू की कुल सचिव डॉक्टर भावना शर्मा आदि ने की। अनीता चौधरी ने मधुर भजनों को संकट मोचन हनुमान की महिमा का गुणगान किया भंडारे में प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया।



**बवानीखेड़ा।** गांव सुई में भंडारे में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थितजन।

## प्राथमिक उपचार एवं आपदा प्रबंधन की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

यूथ रेडक्रॉस विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सिर्फ किताबी ज्ञान काफी नहीं है, इसके लिए विद्यार्थियों को समाजसेवा के भाव से जोडऩा जरूरी है, जिसके लिए जरूरी है कि विद्यार्थियों को प्राथमिक उपचार का ज्ञान किताबी ज्ञान के साथ-साथ दिया जाए, ताकि वे किसी भी दुर्घटना में घायलों को प्राथमिक उपचार देकर उनका जीवन बचा सकें। दुर्घटना के समय घायलों को प्राथमिक उपचार देने तथा गंभीर घायलों को सुरक्षित अस्पताल तक पहुंचाने की जानकारी देने के उद्देश्य से लोहारू स्थित चौ. बंसीलाल राजकीय महाविद्यालय में बेसिक फर्स्ट एड एवं आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन जिला रैडक्रॉस सोसायटी के सचिव प्रदीप कुमार के नेतृत्व में वीरवार को किया गया।



**कार्यक्रम** विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दी सुंदर प्रस्तुतियां

# मैं बरसाने की छोरी, ना कर मोसे बरजोरी तू कारो और मैं गोरी...

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

लिटिल हार्टस पब्लिक स्कूल हालुवास गेट में लिटिल हार्टस कॉनवेंट स्कूल का वार्षिकोत्सव एवं पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन जोगीवाला मंदिर के महंत वेदनाथ महाराज के सान्निध्य व स्कूल के प्रधान त्रिलोकचंद गोयल की अध्यक्षता में हुआ। स्कूल में सीबीएलयू की कुलपति प्रोफेसर दीप्ति धर्माणी व शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डॉ. पवन शर्मा, न्यायाधीश एवं जिला लीगल सर्विस अथॉरिटी के सचिव पवन कुमार बतौर मुख्यतिथि तथा नगर पार्षद सुभाष तंवर, नगर पार्षद संदीप यादव, महेश, अजय जालान व अजय बंसल विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती, भगवान श्रीगणेश व लड्डुवे गोपाल के सम्मुख द्वीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण से किया। स्कूल के प्रधान त्रिलोकचंद ने अतिथियों का स्वागत किया। परिणाम में प्री-नर्सरी, नर्सरी व केजी कक्षा के 96 प्रतिशत बच्चों ने प्रथम ग्रुप हासिल कर कक्षा उत्तीर्ण की। प्रबंध निदेशक पवन गोयल ने बताया कि स्कूल में बच्चों के चहुंमुखी विकास के लिए ईंगलिश स्पीकिंग क्लास, कम्पीटीटीव क्लास, आर्ट व क्राफट, परसनेलटी डेवलपमेन्ट व स्टेज कान्फीडेन्स आदि पर विशेष ध्यान दिया जाता है।





## खबर संक्षेप

### अग्निवीर भर्ती का परिणाम घोषित

**चरखी दादरी/ भिवानी।** सेना भर्ती कार्यालय दादरी के निदेशक कर्नल के संदीप ने बताया की अग्निपथ योजना के अंतर्गत नवंबर 2024 में भिवानी के भीम स्टेडियम में हुई अग्निवीर रैली परिणाम घोषित कर दिया गया है। रैली में चरखी दादरी, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी और भिवानी जिलों के उम्मीदवारों ने भाग लिया था। उम्मीदवार अपना परिणाम इंडियन आर्मी के वेबसाइट पर देख सकते हैं। सभी सफल उम्मीदवारों से अनुरोध है की वे 22 मार्च को सुबह 7 बजे सभी मूल दस्तावेजों के साथ सेना भर्ती कार्यालय दादरी में रिपोर्ट करें।

### बाइक चोरी मामले में दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**भिवानी।** सीआईए स्टाफ -2 भिवानी ने बजरंगबली कॉलोनी से मोटरसाइकिल चोरी के मामले में दूसरे आरोपी को भिवानी से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। नरेश निवासी बजरंगबली कॉलोनी भिवानी ने थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस को बाइक चोरी की शिकायत दर्ज करवाई थी। इसी मामले में सीआईए स्टाफ -2 भिवानी के मुख्य सिपाही ओम प्रकाश ने घर के बाहर से बाइक चोरी करने के मामले में दूसरे आरोपी को भिवानी से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी की पहचान संजीव निवासी बावड़ी गेट भिवानी के रूप में हुई है।

### सोलर लाइट लगाने का काम अधर में, मांगी जांच

**तोशाम।** जिला परिषद की चेयरपर्सन अनिता मलिक ने बताया कि नवंबर 2024 में गांव में सोलर लाइट लगाने के लिए 4 करोड़ 60 लाख 50 हजार रुपये हरियाणा अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी को ट्रांसफर किए गए थे। इसके बावजूद, मार्च 2025 तक भी गांव में सोलर लाइट लगाने का काम शुरू नहीं हुआ है। अनिता मलिक ने बताया कि पहले भी सोलर लाइट्स के लिए जारी टेंडर को बिना किसी कारण रद्द कर दिया गया था। जिला परिषद की बैठक में अधिकारियों ने 6 फरवरी 2025 को आश्वासन दिया था कि एक सप्ताह के भीतर काम शुरू हो जाएगा, लेकिन अब तक कोई प्रगति नहीं हुई है। चेयरपर्सन ने 7 मार्च 2025 को अधिकारियों को पत्र लिखकर जल्द से जल्द काम शुरू करने की मांग की थी, लेकिन 18 मार्च 2025 तक भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि जनता के हित में विकास कार्यों को समय पर पूरा किया जाना चाहिए।

### अनेक कॉलोनियों में हो रही दूषित पेयजल की सप्लाई

# गर्मी की शुरूआत में ही शहर में छाया पेयजल संकट, क्षेत्र के लोग परेशान

■ शहर की हनुमान ढाणी, पीपलीवाली जोहड़ी मार्ग क्षेत्र की बस्ती सहित कई कॉलोनियों इन दिनों दूषित एवं बदबूदार सीवरेज युक्त पेयजल की सप्लाई हो रही हैं।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

सरकार व जनस्वास्थ्य विभाग शहरवासियों को स्वच्छ एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध करवाने के लाख दावें करें, लेकिन हकीकत इसके विपरीत हैं। गर्मी की शुरूआत में ही शहर में अनेक जगहों से दूषित पेयजल आपूर्ति एवं पानी की कर्मियों की शिकायतें आना शुरू हो गई हैं। शहर की हनुमान ढाणी, पीपली वाली जोहड़ी मार्ग क्षेत्र की बस्ती, लाइन पार, नई बस्ती, वाल्मीकी बस्ती, हनुमान गेट, मुक्तिधाम के पास मार्ग और टावर मार्ग की बस्ती में कई दिन से दूषित पेयजल की सप्लाई हो रही हैं और गर्मी की शुरूआत में ही पानी की कमी भी दिखाई देने लगी हैं।

शहर के अनेक क्षेत्रों में कई दिनों से दूषित पानी की सप्लाई हो रही हैं तथा नलों में आ रहे दूषित एवं बदबूदार पानी के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जिसकारण क्षेत्रवासियों को दूर दराज से टैंकर व कैंपर का पानी खरीदकर पीना पड़ रहा हैं, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा हैं, लेकिन विभागीय अधिकारियों को बार-बार शिकायत करने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं की जा रही है और समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई हैं। शहर की हनुमान ढाणी, पीपलीवाली जोहड़ी मार्ग क्षेत्र की बस्ती, लाइन पार, नई बस्ती, वाल्मीकी बस्ती, हनुमान गेट, मुक्तिधाम के पास मार्ग, टावर मार्ग की बस्ती में इन दिनों दूषित एवं बदबूदार सीवरेज युक्त पेयजल की सप्लाई हो रही हैं। सीवरयुक्त मिक्स पानी पीना तो दूर किसी अन्य कार्यों में प्रयोग करने के भी लायक नहीं हैं। क्षेत्रवासी सुंदरलाल, बंसीलाल, तेजपाल, गीता, मीना व राजेश ने कहा कि कई बस्तियों में करीब दो साल से दूषित पेयजल व पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं आने की समस्या बनी हुई हैं और क्षेत्रवासी इसका समाधान करवाने को अनेक बार जनप्रतिनिधियों, जिला प्रशासन व जनस्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों को अवगत करवा चुके हैं, लेकिन आजतक समस्या का कोई समाधान नहीं हो पाया हैं। क्षेत्रवासियों ने सरकार, जिला प्रशासन व जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से जल्द समाधान की मांग की हैं, अन्यथा मजबूरीवश उन्हें सड़कों पर आकर विरोध जताना पड़ेगा।





भिवानी। जनस्वास्थ्य विभाग की सप्लाई में आता दूषित पेयजल और दूषित पेयजल दिखाता अशोक भारद्वाज। फोटो : हरिभूमि

#### खरीदकर पीना पड़ रहा पानी

राष्ट्रपति अवार्डी अशोक भारद्वाज ने कहा कि क्षेत्र में दूषित पेयजल की सप्लाई हो रही हैं, जिसकी वजह से क्षेत्र में मलेरिया, वायरल फीवर जैसी बीमारियां बढ़ रही हैं। जनस्वास्थ्य विभाग की पेयजल सप्लाई में बदबूदार एवं गंदा पानी आता हैं, जिससे पूरे घर में बदबू फैल जाती हैं। पानी की समस्या के चलते क्षेत्र के लोग खासे परेशान है। इसके साथ ही क्षेत्रवासियों को टैंकरों से पानी खरीदकर पानी पड़ रहा हैं, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा हैं।



भिवानी। पेयजल समस्या को लेकर विरोध जताते क्षेत्रवासी। फोटो : हरिभूमि

## महिलाओं ने खाली मटके लेकर सरकार व अधिकारियों के विरुद्ध किया रोष-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

विद्या नगर के हनुमान मार्ग के अन्तिम छोर पालुवास गांव के सरकारी स्कूल के सामने बस्ती के घरों में पीने के पानी को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। इसके अलावा सीवरेज व्यवस्था भी कई दिनों से ठप पड़ी है और कई जगह सीवरेज के ढक्कन भी नहीं है, जिनमें बच्चे व जानवर के गिरने का खतरा बना हुआ है। क्षेत्रवासियों ने फोन करके यहां के हालात को देखने के लिए सीपीएम नेता कामरेड ओमप्रकाश को बुलाया।

बस्ती से प्रातःकाल महिला व पुरुष खाली मटके लेकर इकट्ठे हो गए तथा उन्होंने सरकार व प्रशासन के लापरवाही व उपेक्षापूर्ण रवैये के विरुद्ध अपने गुस्से का इजहार किया। कामरेड ओमप्रकाश ने बताया कि बस्ती में पीने के पानी की कई वर्षों से समस्या बनी हुई है, ये नागरिक अपने पीने के पानी व सीवरेज की समस्या को लेकर जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अफसरों व स्थानीय विधायक घनश्यामदास सर्राफ से कई बार मिल चुके हैं तथा अपनी समस्या लिखित में दे चुके हैं लेकिन समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई हैं। इस समस्या को लेकर बस्तीवासी जन संघर्ष समिति के नेतृत्व में महकमें के कार्यालय के सामने प्रदर्शन भी कर चुके हैं, लेकिन विभाग के अधिकारियों के कानों में जूं नहीं रेंगती है। अब इन नागरिकों का सब्र का बांध टूट चुका है और जल्द ही विभाग ने समस्या का समाधान नहीं किया तो वे बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे। मटका प्रदर्शन में बिमला, धनपती, धर्मवती, रेशमा, मंजू, गीता, योगिता, रघुबीर फौजी, कैलाश, सन्दीप ढांडा, मोहनदत पालीवाल, धर्मवीर, रामफल, शिवकुमार, राजेन्द्र अहलावत, सुबेसिंह, अमित व सन्दीप ढांडा आदि मौजूद रहे।

## दुष्कर्मी को 20 साल की कैद और जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

अदालत ने नाबालिग को बहला फुसलाकर ले जाने, दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी को 20 साल की कैद की सजा सुनाई है। साथ ही अदालत ने आरोपी पर तीन लाख पांच हजार रुपये का जुर्माना किया है। 2023 में थाना सिवानी पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई थी। जिसमें नाबालिक लड़की के पिता ने आरोपी के द्वारा नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने व दुष्कर्म करने के मामले में अभियोग दर्ज किया गया था। थाना सिवानी पुलिस के द्वारा बिना किसी विलंब के अभियोग अंकित किया गया। इसके बाद नाबालिग के मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान करवाए गए तथा जांच इकाई के द्वारा महत्वपूर्ण साक्ष्यों का आकलन कर अभियोग में प्रभावी कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के सम्मुख पेश किया गया था। जो न्यायालय ने अभियोग में सुनवाई करते हुए आरोपी उमेद सिंह निवासी रिवासा, भिवानी को 20 साल कैद की सजा सुनाई व कुल 03 लाख 5,000 रुपए का जुर्माना लगाया गया। जुर्माना न भरने पर आरोपी को अतिरिक्त कारावास की सजा काटनी पड़ेगी।

## नौ कॉलोनियों पर वैधता की मोहर,26 कॉलोनियों के लोग मायूस

■ कई दिनों से लोगों की डिमांड पर लगी मोहर: सुभाष

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

शहरी निकाय विभाग द्वारा शहर की नौ कॉलोनियों पर वैधता की मोहर लगने से लोगों को राहत मिल गई है,लेकिन अभी भी 26 कॉलोनियों को वैधता की सूची में शामिल नहीं किया गया है,जिस वजह से लोगों को मायूसी ही हाथ लगी है।जिन कॉलोनियों को वैधता की सूची में जगह मिली है। उसके लिए नगर पार्षदों का प्रयास का रिजल्ट माना जा रहा है। कुछ पार्षद इसी मांग को लेकर मंत्री से लेकर सीएम तक के दरबार में फरियाद लगा चुके है।उन्हीं की बदौलत इन कॉलोनियों को वैधता में जगह मिली है।

### योजनाओं का फायदा

सरकार द्वारा जिन कॉलोनियों को वैधता की सूची में डाला गया है। उन कॉलोनियों के लोगों को सरकारी योजनाओं का फायदा मिल सकेगा। इन कॉलोनियों के लोगों को मूलभूत सुविधाओं के लिए धक्के नहीं खाने पड़ेंगे। सीवर की लाइन के अलावा पानी की पाइप लाइन भी डल जाएगी। हर गली व मोहल्ले तक बिजली की लाइन पहुंच जाएगी। हर गली पक्की होगी। बारिश के पानी की निकासी की सही योजनाएं लागू होगी। इन कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को सरकारी योजनाओं का फायदा मिलेगा। यहां यह बताते चले कि प्रशासन द्वारा विगत में 14 कॉलोनियों को वैध कराए जाने के लिए सरकार के पास भेजा गया था,जिनमें नौ कॉलोनियों के कुछ हिस्सों को वैध की श्रेणी में डाला गया है।





### लगाई थी फरियादः पार्षद

पार्षद सुभाष तंवर व संदीप यादव ने बताया कि कॉलोनियों को वैध करवाए जाने के लिए शहरी निकाय मंत्री से लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कार्यालय तक फरियाद लगाई। पूर्व सीएम एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के दरबार में भी इसी मांग को लेकर मिले थे। उनको हर बार जल्द उनकी मांगों को पूरा करवाए जाने का आश्वासन मिला। पर अब जाकर नौ कॉलोनियों को वैधता सूची में जगह मिली है। जिनमें कुछ इलाका विद्यानगर, कोंट रोड, लक्ष्मी नगर, ढाणा रोड डॉबर कॉलोनी बैंक कॉलोनी के कुछ खसरे की जमीन की यूसी जारी की गई है। जिन इलाकों को वैधता की सूची में डाला गया है। वहां पर सरकारी योजनाओं का फायदा मिलना जल्द ही शुरू हो जाएगा। उन्होंने शहर की नौ कॉलोनियों को वैध कराए जाने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, निकाय मंत्री विपुल गोयल, विधायक घनश्याम सर्राफ का आभार जताया।

### शिक्षा मंत्री से एक अप्रैल से ट्रांसफर ड्राइव चलाने की मांग

**भिवानी** स्कूल कैडर लेक्चरर एसोसिएशन हरियाणा (सलाह) ने प्रदेश के शिक्षा मंत्री से अपने वायदे अनुसार एक अप्रैल से अध्यापकों की ट्रांसफर ड्राईव चलाने की मांग की है। सलाह के प्रदेश वरिठ उपाध्यक्ष राजवीर धारेडू ने कहा कि शिक्षा मंत्री ने सलाह संगठन से वायदा किया था कि दूर-दराज क्षेत्रों में अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन कर रहे अध्यापकों को राहत पहुंचाने के लिए एक अप्रैल से ट्रांसफर ड्राईव चलाया जाएगा। ऐसे में अब शिक्षा मंत्री अपने वायदे को पूरा करें तथा पारदशी और व्यापक ट्रांसफर ड्राइव चलाएं तथा पहले प्राचार्य, फिर लैक्चरर, फिर टीजीटी व जेबीटी का ट्रांसफर किया जाए।

सलाह पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा पेश किए गए हरियाणा बजट में शिक्षकों के लिए किए गए महत्वपूर्ण प्रावधानों की सराहना की। उन्होंने कहा कि बजट में आगामी पांच वर्षो में 2 लाख सरकारी नौकरियों का लक्ष्य रखा है।

## एसडीएम ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

■ परीक्षाओं में बाधा डालने वालों या किसी भी तरह का हस्तक्षेप करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

फिलहाल चल रही बोर्ड परीक्षाओं में किसी भी प्रकार के बाह्य हस्तक्षेप को रोकने और परीक्षाओं को नकल रहित संपन्न करने को लेकर एसडीएम महेश कुमार ने अपनी टीम के साथ विभिन्न स्कूलों में संचालित परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने नागरिकों से परीक्षाओं को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न करवाने का आह्वान किया। वहीं दूसरी ओर उन्होंने कहा कि परीक्षाओं में बाधा डालने वालों या किसी भी तरह का हस्तक्षेप करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि फिलहाल 12वीं कक्षा की परीक्षाएं संचालित हैं। जिला में विभिन्न स्कूलों में परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं। डीसी महावीर कौशिक के निर्देशानुसार जिला स्तर व उप मंडल स्तर पर उड़नदस्ते बनाए गए हैं। इसी कड़ी में एसडीएम महेश कुमार के नेतृत्व में गठित उड़नदस्ते ने वीरवार को गांव खरक, बामला व कायला स्थित सीनियर सेकेंडरी स्कूल तथा शहर में एसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, फूला देवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल और गोस्वामी चंद्रगिरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में स्थापित परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण किया। वीरवार को गणित का पेपर था। इस दौरान परीक्षाएं शांतिपूर्वक ढंग से संचालित मिली। वहीं दूसरी ओर एसडीएम महेश कुमार ने परीक्षा केंद्रों में नियुक्त शिक्षा अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बच्चों की परीक्षाएं नकल रहित संपन्न हों। उन्होंने ग्रामीण अंचल और शहर में लोगों से अपील करते हुए कहा कि वह परीक्षाओं को बिना किसी बाधा के संपन्न करवाएं।



### दांतों की सड़न, मसूड़ों की बीमारी व मुंह के कैंसर के बढ़े मामलेः डॉ. शांडिल्य

**भिवानी।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे पर चौधरी बंसीलाल नागरिक अस्पताल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया,जिसमें मुख्यतिथि के रूप में सिविल सर्जन डॉ. रघुवीर शांडिल्य व प्रधान चिकित्सा अधिकारी डॉ. बलवान सिंह उपस्थित रहे। इस अवसर पर नर्सिंग छात्राओं ने ओरल हेल्थ को लेकर लघु नाटिका भी प्रस्तुत की, जिसको उपस्थित अतिथियों ने खूब सराहा। सिविल सर्जन डॉ. रघुवीर शांडिल्य ने कहा कि मौखिक स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों और मौखिक स्वच्छता के महत्व के बारे में वैश्विक जागरूकता बढ़ाने के लिए हर साल 20 मार्च को वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे मनाया जाता है। आंकड़े बताते हैं कि देशभर में दांतों की सड़न, मसूड़ों की बीमारी और मुंह के कैंसर के मामले बढ़े हैं, लाखों लोग दांत से संबंधित समस्याओं से पीड़ित हैं, जिसका असर उनके समग्र स्वास्थ्य पर पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि जागरूकता बढ़ने के बावजूद बड़ी संख्या में लोग मुंह की स्वच्छता को अनदेखा कर रहे हैं। ओरल हेल्थ का ध्यान रखना सिर्फ दांतों और मसूड़ों की सेहत तक ही सीमित नहीं है। मौखिक स्वच्छता में गड़बड़ी के कारण ब्रेन और हार्ट हेल्थ पर भी नकारात्मक असर हो सकता है। डॉ. बलवान सिंह ने कहा कि लाइफ स्टाइल और आहार में गड़बड़ी का असर संपूर्ण स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाला हो सकता

### जिला टास्क फोर्स से जुड़ी टीम ने मिट्टी से भरे ट्रैक्टर को पकड़ा

**तोशाम।** उपायुक्त महावीर कौशिक ने कहा है कि जिला में अवैध खनन और अंकुश लगाने और इस प्रकार की अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों से निपटने के लिए राज्य सरकार द्वारा योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मॉनिटरिंग के लिए अलग-अलग स्तरों पर टीम में 24 घंटे सातों दिन कार्य कर रही है। महावीर कौशिक ने कहा कि जिला में अवैध खनन पर अंकुश लगाने के लिए जिला टास्क फोर्स से जुड़ी टीमें लगातार वाहनों की चेकिंग कर रही है। हरियाणा राज्य प्रवर्तन ब्यूरो की टीम द्वारा भी कड़ी निगरानी की जा रही है। उन्होंने कहा कि यदि कोई वाहन बिना ई-रवाना के पकड़ा जाता है तो यह हरियाणा खान एवं खनिज नियम-2012 के नियम 102 और 104 का उल्लंघन होगा और इन नियमों के अनुसार जांच करके आगामी कार्रवाई की जाएगी। महावीर कौशिक ने कहा कि मुख्यमंत्री व खनन विभाग के महानिदेशक केएम पांडुरंग के निर्देश पर कार्रवाई की जा रही है।

### ओपीडी में पहुंचने लगी लोगों की भीड़

# मौसम की मार, खांसी-जुकाम, जोड़ों के दर्द से हुए लाचार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

मौसम की मार का असर लोगों पर भी पड़ने लगा है। मौसम के बदलते मिजाज की वजह से लोगों को खांसी व जुकाम जकड़ने लगी है। रोजाना सरकारी अस्पताल में सैंकड़ों की संख्या में जुकाम व खांसी से पीड़ित मरीज पहुंच रहे है। इनके अलावा पैरों के जोड़ों की दर्द की समस्या से पीड़ित भी पहुंच रहे है। इनके अलावा निजी अस्पताल में इससे ज्यादा लोगों की संख्या पहुंच रही है।

सुबह नौ बजते ही सामान्य अस्पताल की ओपीडी में खांसी व जुकाम से पीड़ित लोग पहुंच रही है। पर्ची बनवाने के लिए मरीजों को करीब आधे घंटे तक इंतजार करना पड़ रहा है। पर्ची बनवाने के बाद मरीजों को इतना ही समय चिकित्सक से उपचार व परामर्श लेने में लग रहा है। यह स्थिति आज ही नहीं बल्कि पिछले कई दिनों से बन रही है। बदलाव की वजह से खांसी व जुकाम के मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। क्योंकि दिन का तापमान ज्यादा रहता है और धूप तेज होने की वजह से गर्म कपड़ा नहीं पहना जाता। शाम व सुबह के वक्त ठंड होती है। रात को फिर से गर्मी होने लगती है। ऐसे में लोगों को पंखे के बिना चैन नहीं पड़ता। जिस वजह से लोगों में खांसी व जुकाम के मरीजों की संख्या लगातार बढ रही है। दूसरी तरफ इस मौसम में खांसी जुकाम के अलावा जोड़ों के दर्द से परेशान लोग भी पहुंच रहे है। ज्यादा पैरों के जोड़ों के दर्द से परेशान लोग इलाज के लिए सामान्य अस्पताल में आ रहे है। कुछ लोगों के हाथों के जोड़ों में भी दर्द बना हुआ है। जिसके इलाज के लिए लोग पहुंच रहे है। दोपहर तक अस्पताल की ओपीडी में जबरदस्त भीड़ पहुंच रही है।





मार्केट न्यूज

### एच.डी. पब्लिक स्कूल बिरोहड़ में स्कॉलरशिप टेस्ट

एच.डी. पब्लिक स्कूल बिरोहड़ में शिक्षा को बढ़ावा देने और मेधावी छात्रों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 23 मार्च 2025 वार रविवार को एक महत्वपूर्ण स्कॉलरशिप टेस्ट आयोजित किया जाएगा। स्कूल निदेशक बलराज फौगाट ने बताया कि यह परीक्षा उन छात्रों के लिए सुनहरा अवसर साबित होगी, जो अपनी शिक्षा को आर्थिक सहायता के साथ आगे बढ़ाना चाहते हैं। स्कॉलरशिप टेस्ट विभिन्न कक्षाओं के छात्रों के लिए आयोजित किया जा रहा है। परीक्षा में विज्ञान, गणित, सामान्य ज्ञान और तार्किक क्षमता से जुड़े प्रश्न पूछे जाएंगे। सफल छात्रों को प्रमाण पत्र और अन्य लाभ भी प्रदान किए जाएंगे। परीक्षा का आयोजन पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ किया जाएगा। ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के छात्र समान रूप से इसमें भाग ले सकते हैं। यह परीक्षा छात्रों के आत्मविश्वास को बढ़ाने और उनके करियर को संवारने में मदद करेगी। परीक्षा परिणाम मेरिट लिस्ट के आधार पर घोषित किया जाएगा। स्कॉलरशिप पाने वाले छात्रों को विद्यालय में प्रवेश लेने पर विशेष सुविधाएँ भी दी जाएंगी। विद्यालय बच्चों के भविष्य को देखते हुए इस प्रकार की परीक्षा समय-समय पर आयोजित करता रहता है। यह स्कॉलरशिप टेस्ट शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ा कदम साबित होगा।

